आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार एकांश
देहरादून (उत्तराखण्ड)
सोमवार 07.07.2025
समय 07.20

मुख्य समाचार :–

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ब्राजील के रियो डी जेनेरो में 17वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन को संबोधित किया, ग्लोबल साउथ के हितों को प्राथमिकता देने की आवश्यकता पर दिया जोर।
- प्रदेश के राजकीय महाविद्यालयों में 117 अस्थायी योग प्रशिक्षकों की नियुक्ति की प्रक्रिया शुरू।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने जबरन धर्मांतरण और जनसांख्यिकीय बदलाव के खिलाफ सरकार के प्रयासों के साथ जनसहयोग की आवश्यकता पर जोर दिया।
- अमेरिका के बर्मिंघम में आयोजित विश्व पुलिस एवं फायर गेम्स 2025 में उत्तराखंड फायर सर्विस के जवानों ने भारत के लिए 9 पदक जीते।
- भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण विभाग ने उत्तरकाशी, टिहरी, रुद्रप्रयाग और चमोली जिलों में आज और कल भूस्खलन की चेतावनी जारी की।

प्रधानमंत्री संबोधन

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ब्राजील के रियो डी जेनेरो स्थित म्यूज़ियम ऑफ मॉडर्न आर्ट में आयोजित 17वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन को संबोधित किया। अपने संबोधन में उन्होंने ग्लोबल साउथ के हितों को प्राथमिकता देने की आवश्यकता पर ज़ोर दिया।

प्रधानमंत्री ने कहा कि सतत विकास, तकनीक तक पहुंच, सुरक्षा और संसाधनों के समान वितरण जैसे मुद्दों पर ग्लोबल साउथ के देशों को न तो प्राथमिकता मिली है और न ही समुचित प्रतिनिधित्व। उन्होंने वैश्विक संस्थाओं की प्रासंगिकता पर सवाल उठाते हुए कहा कि वैश्विक संघर्ष, अंतरिक्ष से जुड़ी चुनौतियां और महामारी जैसी स्थितियों में ये संस्थाएं समाधान देने में असमर्थ रही हैं।

प्रधानमंत्री ने एक नए वर्ल्ड ऑर्डर की जरूरत बताई– जो समावेशी और बहुआयामी हो, और जिसमें नीति–निर्धारण में ग्लोबल साउथ की भूमिका को प्राथमिकता दी जाए।

इसके साथ ही श्री मोदी ने ब्रिक्स समूह के विस्तार पर प्रसन्नता ज़ाहिर की और इंडोनेशिया के जुड़ने का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि ब्रिक्स समय के साथ बदलने की क्षमता रखता है और यही इच्छाशक्ति अब संयुक्त राष्ट्र, सुरक्षा परिषद और विश्व व्यापार संगठन जैसे वैश्विक संस्थानों में सुधार को लेकर भी भी दिखानी होगी।

## आतंकवाद निंदा

ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के घोषणा पत्र में 22 अप्रैल को जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले की कड़े शब्दों में निंदा की गई है। ब्रिक्स नेताओं ने आतंकवादियों की सीमापार आवाजाही, उनके वित्त पोषण और सुरक्षित ठिकानों सहित सभी रूपों तथा अभिव्यक्तियों में आतंकवाद से निपटने के लिये अपनी प्रतिबद्धता जताई है। इस बीच, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आतंकवाद को मानवता के समक्ष सर्वाधिक गंभीर चुनौती बताया है। उन्होंने कहा कि आतंकवाद के शिकार लोगों और इसे शह देने वाले लोगों को एक स्तर पर नहीं रखा जा सकता। एक रिपोर्ट–

## योग प्रशिक्षक भर्ती प्रक्रिया शुरू

प्रदेश के राजकीय महाविद्यालयों में 117 अस्थायी योग प्रशिक्षकों की नियुक्ति की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। यह नियुक्तियां आउटसोर्स के माध्यम से की जाएंगी और चयन मेरिट व साक्षात्कार के आधार पर होगा। उच्च शिक्षा विभाग और कौशल विकास एवं सेवायोजन विभाग के बीच सहमति के बाद रोजगार प्रयाग पोर्टल पर प्राप्त 640 आवेदनों की भर्ती प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

उच्च शिक्षा विभाग ने साक्षात्कार की समय सारणी तय कर दी है, जिसके अनुसार 25 जुलाई तक मेरिट सूची जारी कर अभ्यर्थियों को साक्षात्कार की सूचना दी जाएगी। पहली से आठ अगस्त तक साक्षात्कार आयोजित किए जाएंगे। चयनित अभ्यर्थियों को ग्यारह अगस्त से महाविद्यालयों में तैनाती दी जाएगी।

शैक्षणिक योग्यता और अनुभव के लिए कुल 100 अंक निर्धारित किए गए हैं, जिनमें हाईस्कूल और इंटर में 10–10 अंक, स्नातक में 20, पीजी डिप्लोमा या एम.ए. योगा में 30 और अनुभव के लिए अधिकतम 30 अंक निर्धारित किए गए हैं। साक्षात्कार के लिए 50 अंक होंगे।

उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने कहा कि योग प्रशिक्षकों की नियुक्ति से छात्र–छात्राओं को शारीरिक और मानसिक रूप से सशक्त बनाने में मदद मिलेगी।

## जनजागरुकता

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने जबरन धर्मांतरण और जनसांख्यिकीय बदलाव के खिलाफ सरकार के प्रयासों के साथ जनसहयोग और कानूनी शिकायतों के लिए जनजागरूकता पर जोर दिया है। देहरादून के गढ़ी कैंट में आयोजित ''विकसित उत्तराखण्ड 2047–सामूहिक संवाद : पूर्व सैनिकों के साथ'' कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कहा कि दंगा विरोधी कानून, भूमि अतिक्रमण पर कार्रवाई और समान नागरिक संहिता जैसे कदमों के प्रभावी क्रियान्वयन में समाज की भागीदारी आवश्यक है।

मुख्यमंत्री ने पूर्व सैनिकों से राज्य के विकास के लिए सुझाव लिए। उन्होंने पूर्व सैनिकों से पर्यावरण संरक्षण में भी भागीदारी का आह्वान करते हुए 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान से जुड़ने की अपील की।

विश्व पुलिस एवं फायर गेम्स

अमेरिका के बर्मिंघम में आयोजित विश्व पुलिस एवं फायर गेम्स 2025 में उत्तराखंड फायर सर्विस के जवानों ने पहली बार प्रतिभाग करते हुए शानदार प्रदर्शन किया और भारत के लिए कुल 9 पदक जीते। इस उपलब्धि से राज्य और देश दोनों का गौरव बढ़ा है।

प्रतियोगिता में 70 से अधिक देशों के साढे आठ हजार से अधिक खिलाड़ियों ने भाग लिया। भारत की ओर से भाग लेने वाले चार अग्निशमन कर्मियों में उत्तराखंड से एक पुरुष और तीन महिला फायर फाइटर्स शामिल थे। टीम ने 2 स्वर्ण, 3 रजत और 4 कांस्य पदक अपने नाम किए।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सभी प्रतिभागियों को बधाई दी और कहा कि यह जीत सिर्फ एक पदक नहीं बल्कि उत्तराखंड फायर सर्विस की समर्पण, फिटनेस और दृढ़ता का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि हमारे फायर फाइटर्स अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी उत्कृष्टता का प्रदर्शन कर रहे हैं।

चेतावनी

भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण विभाग ने उत्तरकाशी, टिहरी, रुद्रप्रयाग और चमोली जिलों में आज और कल भूस्खलन की चेतावनी जारी की है। इसको देखते हुए राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र ने सभी जिलाधिकारियों को सतर्कता बरतने और तैयारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

संवेदनशील इलाकों में भारी वर्षा से भूस्खलन की आशंका जताई गई है, जिससे यातायात बाधित होने की संभावना है। सभी संबंधित विभागों को हाई अलर्ट पर रखा गया है।

संबंधित विभागों को आवश्यक उपकरणों के साथ तैयार रहने और लगातार निगरानी करने को कहा गया है। पर्यटक स्थलों और संवेदनशील मार्गों पर विशेष सतर्कता के निर्देश दिए गए हैं।

भारी वर्षा की स्थिति में पर्यटकों और पैदल यात्रियों की आवाजाही पर भी रोक लगाने के निर्देश हैं। किसी भी आपात स्थिति में सहायता के लिए हेल्पलाइन नंबर 0 1 3 5 2 7 1 0  3 3 5, 0 1 3 5 2 7 1 0 3 3 4, टोल फ्री 1 0 7 0 , 9 0 5 8 4  4 1 4 0 4, 8 2 1 8 8 6 7 0 0 5 जारी किए गए हैं।

कार्रवाई

देहरादून के जिलाधिकारी सविन बंसल ने मानचित्र पंजीकरण व अनुमति के बगैर लगाए गए मोबाइल टॉवरों पर कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। जिलाधिकारी ने कहा कि कई जगहों पर मोबाइल टॉवरों से आसपास की आबादी पर विकिरण का खतरा है। नागरिकों की सुरक्षा को देखते हुए पूरे जिले में मोबाइल टॉवरों पर कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में तहसील विकासनगर के ग्राम बहादुरपुर, सेलाकुई, राजावाला रोड और वार्ड पांच रामबाग हरबर्टपुर में कई मोबाइल टॉवर सील कर दिए गए। प्रशासन की कार्यवाही जारी है और यह कार्यवाही अपर जिलाधिकारी वित्त, राजस्व व ईडीएम की निगरानी में की जा रही है।

क्यआरटी गठन

देहरादून में मानसून के दौरान जलभराव की समस्या से निपटने के लिए जिलाधिकारी सविन बंसल ने त्वरित प्रतिक्रिया टीमों (क्यूआरटी) का गठन किया है। नगर निगम क्षेत्रों के जलभराव प्रभावित इलाकों में इन टीमों को निरीक्षण, समस्या की पहचान और शीघ्र समाधान की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

जिलाधिकारी ने निर्देश दिए हैं कि सभी अधिकारी अपने–अपने क्षेत्रों में नाले–नालियों की साफ–सफाई की स्थिति का भौतिक सत्यापन करें और जल निकासी में बाधा या चोकिंग पाए जाने पर तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित करें।

केदारनाथ यात्रा

मॉनसून सीजन और पर्वतीय क्षेत्रों में हो रही बारिश के चलते केदारनाथ यात्रा की रफ्तार धीमी हुई है। पिछले एक सप्ताह से प्रतिदिन धाम में दर्शन करने वालों और सोनप्रयाग से आगे जाने वाले यात्रियों की संख्या में कमी दर्ज की गई है। ऋषिकेश–बदरीनाथ और रुद्रप्रयाग–गौरीकुंड राजमार्ग पर भी यातायात कम देखा जा रहा है।

2 मई से शुरू हुई यात्रा के जून माह तक हर दिन औसतने लगभग बाईस हजार श्रद्धालु बाबा केदारनाथ के दर्शन कर रहे थे, जबकि जुलाई महीने के पहले चार दिनों में सिर्फ सोलह हजार पांच सौ तीर्थयात्री केदारनाथ पहुंचे। लगातार बारिश के कारण रुद्रप्रयाग–गौरीकुंड हाईवे और गौरीकुंड–केदारनाथ पैदल मार्ग कई स्थानों पर संवेदनशील हो गए हैं। यात्रियों की सुरक्षा को देखते हुए प्रशासन और पुलिस द्वारा सतर्कता बरती जा रही है।

एक नजर आज के समाचार पत्रों की सुर्खियों पर...

ब्राजील में ब्रिक्स के 17वें शिखर सम्मेलन में साझा घोषणा पत्र में पहलगाम हमले की कड़ी निंदा की गई। इस खबर को सभी समाचार पत्रों ने प्रमुखता से प्रकाशित किया है। हिन्दुस्तान समाचार पत्र ने आतंकवाद, टैरिफ के खिलाफ ब्रिक्स शीर्षक से समाचार प्रकाशित किया है। अमर उजाला लिखता है – पीएम मोदी ने फिर उठाए वैश्विक संस्थाओं में सुधा की मांग।

प्रदेश के महाविद्यालयों में 117 योग प्रशिक्षकों की नियुक्त प्रक्रिया शुरू की जा रही है। राष्ट्रीय सहारा लिखता है– योग प्रशिक्षकों की भर्ती प्रक्रिया शुरू। हिन्दुस्तान ने उत्तराखंड में योग प्रशिक्षितों की नियुक्ति 11 अगस्त को शीर्षक से समाचार प्रकाशित किया है।

प्रदेश में राशन कार्ड बनाने के मानकों में सरकार तब्दीली करने जा रही है। इस समाचार को सभी समाचार पत्रों ने प्रमुखता से प्रकाशित किया है। हिन्दुस्तान ने खाद्य मंत्री रेखा आर्या के बयान का हवाला देते हुए लिखा है – राशन कार्ड बनाने के मानकों का सख्ती से पालन हो।

मौसम विभाग ने देहरादून समेत चार जिलों में भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। खबर को सभी समाचार पत्रों ने प्राथमिकता से प्रकाशित किया हैं।